प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011

टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498

ई–मेल : complain.peb@mp.gov.in वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

पी.व्ही. एण्ड एफ.टी.–2021

(Pre-Veterinary & Fisheries Test (P.V. & F.T.) – 2021)

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालयों में बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में मत्स्य विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा–2021

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	:	27 नवम्बर, 2021
परीक्षा परिणाम तिथि	:	13 जनवरी, 2022

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

13/1/22 13/1/22 13/1/22

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

प्री–वेटरीनरी एण्ड फिशरीज टेस्ट (पी.व्ही. एण्ड एफ.टी.)–2021 का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एक्जामनेशन बोर्ड द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2021 को मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं जबलपुर परीक्षा शहरों में प्री–वेटरीनरी एण्ड फिशरीज टेस्ट (पी.व्ही. एण्ड एफ.टी.)–2021 (ऑनलाईन) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के माध्यम से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालयों में बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में मत्स्य विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा।

2. इस परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों तथा परीक्षा शहरवार एवं श्रेणीवार आवेदकों व परीक्षा सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी परिशिष्ट–1 में संलग्न है।

3. परीक्षा उपरांत बोर्ड द्वारा आदर्श उत्तर वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

4. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसमें श्रेणीवार (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) एकीकृत प्रावीण्य सूचियाँ तैयार की गई है। नियमपुस्तिका में दिए गए विवरण अनुसार समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरीयता निर्धारित की गई है।

5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा, तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

6. प्रवेश नियम के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी संबंधित संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी ।

7. परीक्षा परिणाम पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर प्रदर्शित किया गया हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 13 जनवरी, 2022

13/1/22 13/01/22 13/1/22

नियंत्रक
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल